# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–18 दिसम्बर 2025 सान्ध्य समाचार

लोकसभा ने विकसित भारत–रोजगार और आजीविका गारन्टी मिशन–ग्रामीण, जी–राम–जी– विधेयक 2025 पारित कर दिया है। एक रिपोर्ट–

**नए विधेयक का उद्देश्य श्रमिकों को अधिक कार्य दिवसों की गारंटी बेहतर मजदूरी और सुरक्षा प्रदान करना है। मनरेगा के तहत फिलहाल एक वित्त वर्ष में 100 दिन के काम की गारंटी दी जाती है, वहीं नए विदेश में हर साल 125 दिन का रोजगार मिलेगा। यह विकसित भारत की परिकल्पना के अनुरूप ग्रामीण विकास की गति को ओर बढावा देगा। साथ ही रोजगार के अधिक अवसर प्रदान कर ग्रामीण परिवारों को सशक्त बनाएगा। यदि 15 दिन के भीतर रोजगार उपलब्ध नहीं कराया जाता है, तो विधायक में बेरोजगारी भत्ता देने का भी प्रावधान है। दीपेंद्र कुमार आकाशवाणी समाचार दिल्ली।**

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मनरेगा योजना को उचित और प्रभावी ढंग से लागू किया गया है।

**हम पैसा बचाना नहीं चाहते, हम रोजगार देना चाहते हैं। गांव को विकसित बनाना चाहते हैं। इसके इसी साल बजट में प्रस्तावित है 1 लाख 51 हजार 282 करोड़ रुपया, और ये रुपया कहां जाएगा ये मजदूरों को मजदूरी के लिए भी जाएगा, ये गांव के विकास के लिए भी जाएगा। अकेले भारत सरकार 95 हजार छह सौ करोड़ रूपया खर्चा करेगी।**

श्री चौहान ने कहा कि मनरेगा के अन्तर्गत यूपीए सरकार ने केवल दो लाख तेरह हजार करोड़ रुपये खर्च किए थे, जबकि मोदी सरकार ने आठ लाख तीरपन हजार करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए हैं।

**********

प्रदेश विधानसभा का शीतकालीन सत्र कल से शुरू होगा। इस बार शीतकालीन सत्र के दौरान विधानसभा में वंदे मातरम् पर भी चर्चा की जाएगी। सत्र से एक दिन पहले आज हुई कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा की गई। शीतकालीन सत्र से जुड़े सर्वदलीय बैठक में विधानसभा अध्यक्ष ने विधानमंडल के संचालन में सभी दलों से सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से ही सदन चलता है। मुख्यमंत्री और नेता सदन योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार सभी चर्चाओं में भाग लेते हुए विपक्ष के प्रत्येक प्रश्न का सकारात्मक जवाब देगी।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज लखनऊ के भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय, के शताब्दी वर्ष समारोह के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय ने पीढ़ी दर पीढ़ी भारत की सांस्कृतिक चेतना, उसके स्वर, लय और संस्कारों को एक नई पहचान दी है।

**हमारी सरकार ने इस बात को सुनिश्चित किया है कि कलाकारों को सुरक्षित, सम्मानित और सशक्त वातावरण प्राप्त हो। उस प्रकार का प्लेटफार्म सरकार देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और सरकार इसके लिए हर प्रकार का कार्य करेगी। इसके लिए कलाकारों के कल्याण के लिए, उनके स्वास्थ्य और उनके प्रशिक्षण, उनके लिए मंच, उनके लिए आजीविका, इन सभी के लिए हम लोग एक व्यवस्थित नीति के तहत उसे आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे। भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय इस दिशा में हमारी सरकार के साथ एक बेहतरीन साझेदार के रूप में कार्य करेगा।**

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर विश्वविद्यालय की सौ वर्षों की विकास यात्रा पर आधारित कॉफी टेबल बुक– 'ए लिगेसी ऑफ एक्सीलेंस' का विमोचन किया।

**********

अयोध्या के श्रीराम मंदिर परिसर में प्रभु श्री रामलला के विराजमान होने की दूसरी वर्षगांठ के अवसर पर 'प्रतिष्ठा द्वादसी' का आयोजन इकतीस दिसंबर को किया जा रहा है। हमारे अयोध्या प्रतिनिधि ने बताया कि मुख्य कार्यक्रम के अवसर पर केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उपस्थित रहेंगे।

**********

पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर आजमगढ़ के मुबारकपुर थानाक्षेत्र में आज सुबह एक ट्रक और कार की टक्कर में कार सवार तीन लोगों की मौत हो गई। आजमगढ़ जिले की क्षेत्राधिकारी सदर ने बताया कि मेरठ के रहने वाले आधा दर्जन से अधिक लोग कार से वाराणसी जा रहे थे। घने कोहरे के बीच एक तेज रफ्तार ट्रक ने कार को पीछे से टक्कर मार दी। दुर्घटना में घायल लोगों को अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है।

**********

प्रतिष्ठित मूर्तिकार राम वनजी सुतार का कल देर रात नोएडा में उनके आवास पर निधन हो गया। वे सौ वर्ष के थे। श्री सुतार ने गुजरात में दुनिया की सबसे ऊंची मूर्ति–'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' को डिजाइन किया था।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित देश के कई गणमान्य लोगों ने उनके निधन पर दुख जताया है।

**********

मौसम विभाग ने प्रदेश के पूर्वी संभाग में अनेक स्थानों पर, जबकि पश्चिमी संभाग में कुछ स्थानों पर आज और कल घने से लेकर अत्यंत घने कोहरे का रेड अलर्ट जारी किया है। इस अवधि में पूर्वी उत्तर प्रदेश में शीत दिवस की भी चेतावनी दी गयी है।

**********